


सर्वांगासन
HAPPINESS


वृक्षासन
HAPPINESS


चक्रासन
HAPPINESS











International yoga day 21 June 2021

8:02 p




7:59 pm






7:59 pm




8:00 pm




Cdt. Prerna Chouhan
MP19 SWA556873
P.G. College Chhindwada



Statue cleaning mansarovar square major Amit thenge 11july 2021

7:47 pm




7:48 pm


7:55 pm


7:55 pm


7:54 pm




7:53 pm


7:53 pm


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA





NATIONAL CADET CORPS
राष्ट्रीय कैडेट कोर
NCC
24 MP BN NCC
24 म. प्र. बटालियन एनसीसी
REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA

# एनसीसी केडेट्स की टोलियों ने घर- घर जाकर शहर में फैलाई डेंगू के विरूद्ध जन- जागरूकता

## पीजी कॉलेज एवं डी डी कॉलेज के एन सी सी कैडेट्स का डेंगू के विरुद्ध संयुक्त अभियान, एक सप्ताह का संकल्प कर सकता है डेंगू का अंत

**नवभारत न्यूज**

छिंदवाड़ा, 15 सितंबर. मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के आह्वान पर डेंगू पर प्रहार को क्रियान्वित करते हुए जिला पंचायत, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के तत्वाधान में आज दिनांक 15.09.2021 प्रात: 10 बजे से छोटा तालाब स्थित श्रेयांश गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत अध्यक्ष, आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बंटी साहू की गरिमामयी उपस्थिति में छिंदवाड़ा नगर के डेंगू प्रभावित एवं संभावित कॉलोनियों में गहन जागरूकता, लार्वा सर्वेक्षण, एवं सावधानी पर एन सी सी कैडेट्स के दल को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांता ठाकुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।



देखा गया है कि हमारे द्वारा खुले में छोड़े गए पात्रों , कूलर , पानी की टंकियों , नारियल - अंडों के टुकड़ों में,टायर या अनुपयोगी गमलों में बारिश के दिनों में जल भर जाता है जो डेंगू प्रजनन के लिए अनुकूल स्थान होता है ऐसे डेंगू प्रजनन संभावित एवं चिन्हित स्पॉट्स का गहन परीक्षण कर नगर वासियों को एन सी सी कैडेट्स द्वारा डेंगू मच्छर के लार्वा की पहचान कराई गई, साथ ही अनुपयोगी जल भराव को रोकने के लिए प्रेरित करने के साथ ही स्वच्छ अनुपयोगी जल में बी टी आई पाउडर सॉल्यूशन का छिड़काव किया गया । बता दें कि डेंगू मच्छर अपना लार्वा स्वच्छ खुले जल पात्र में छोड़ता है, जिसे वयस्क होने में मात्र एक सप्ताह का समय लगता है ,एक डेंगू मच्छर लगभग चार किलोमीटर की दूरी में रहने वाले लोगों को संक्रमित कर सकता है।

डेंगू संक्रमित व्यक्ति को बुखार आ सकता है, समय रहते

# 24 बटालियन के नेतृत्व में जिले में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया डेंगू के विरुद्ध जागरुकता अभियान



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के आह्वान पर डेंगू पर प्रहार को क्रियान्वित करते हुए जिला पंचायत, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के तत्वाधान में कल 15 सितम्बर 2021 प्रात: 10 बजे से छोटा तालाब स्थित श्रेयांस गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत अध्यक्ष, आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बंटी साहू की गरिमामयी उपस्थिति में छिंदवाड़ा नगर के डेंगू प्रभावित एवं संभावित कॉलोनियों में गहन जागरूकता, लार्वा सर्वेक्षण एवं सावधानी पर एन.सी.सी. कैडेट्स के दल को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांता ठाकुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

देखा गया है कि हमारे द्वारा खुले में छोड़े गए पात्रों, कूलर, पानी की टंकियों, नारियल, अंडों के टुकड़ों में टायर या अनुपयोगी गमलों में बारिश के दिनों में जल भर जाता है जो डेंगू प्रजनन के लिए अनुकूल स्थान होता है ऐसे डेंगू प्रजनन संभावित एवं चिन्हित स्पॉट्स का गहन परीक्षण कर नगर वासियों को एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा डेंगू मच्छर के लार्वा की पहचान कराई गई, साथ ही अनुपयोगी जल भराव को रोकने के लिए प्रेरित करने के साथ ही स्वच्छ अनुपयोगी जल में बी. टी.आई. पाउडर सॉल्यूशन का छिड़काव किया गया। बता दें कि डेंगू मच्छर अपना लार्वा स्वच्छ खुले जल पात्र में छोड़ता है, जिसे वयस्क होने में मात्र एक सप्ताह का समय लगता है एक डेंगू मच्छर लगभग चार किलोमीटर की दूरी में रहने वाले लोगो को संक्रमित कर सकता है। डेंगू संक्रमित व्यक्ति को बुखार आ सकता है, समय रहते उचित चिकित्सा नहीं की गई तो स्थिति बिगड़ जाती है। डेंगू संक्रमण के अगले चरण में पहुचने पर इसके विरुद्ध प्रभावी कारवाही अनिवार्य हो जाती है। लार्वा को मच्छर बनने से पूर्व समाप्त कर देने से डेंगू श्रृंखला को तोड़ने के उद्देश्य से आज शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा एवं डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा। एक बड़े जागरूकता अभियान को छिंदवाड़ा नगर में क्रियान्वित किया गया। 24 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में सीनियर अंडर, अंडर ऑफिसर, कॉर्पोरल एसार्जेंट सहित कैडेट्स की भूमिका की सराहना जिला प्रशासन द्वारा की गई।

इस अवसर पर शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा एवं डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राचार्य एवं एन.सी. सी. अधिकारियो ने एन.सी.सी. कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा से जुड़े अभियानों को भविष्य में और अधिक निरंतरता एवं गति देने का आश्वासन दिया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

## शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा (म.प्र.)

---

दिनांक 07-04-2021

सूचना

समस्त एनएसएस छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कल दिनांक 8-04-2021 दिन गुरुवार कोरोना जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत समस्त स्वयंसेवक सेविकाएं अपने अपने गांव, शहर, नगर कस्बे में कोविड़ वैक्सीन के बारें में सभी 45 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को समझाते हुए व उन्हें अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। उक्त कार्यक्रम की फोटोज व आधा मिनट का वीडियो, अपना नाम, कक्षा आदि टीम लीडर चंचलेश डेहरिया व्हाट्सएप नम्बर 9109228641 में कल दिनांक 08-04-2021 शाम 5.00 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें।

नोट:-

1. जिन स्वयंसेवक सेविकाओं के पास एनएसएस बैच है वह जरूर लगाएं जिनके पास नहीं हैं वे वैसे ही फोटो वीडियो दे।
2. सभी मास्क अनिवार्यत: लगाए एवं 2 गज की दूरी व कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन करें।

चंचलेश डेहरिया<br>एनएसएस टीम लीडर<br>पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी<br>पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

हरिभूमि
जबलपुर - सतपुड़ा भूमि
8 Apr 2021

## खबर संक्षेप

# पीजी कॉलेज रासेयो स्वयंसेवकों ने चलाया रोको-टोको अभियान



छिंदवाड़ा। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का प्रकोप पूरे देश मे तेजी से बढ़ता ही जा रहा है इससे हमारा प्रदेश भी अछूता नही है इस कोरोना वायरस के बढ़ते सक्रमण को रोकने के उद्देश्य से शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाडा के प्राचार्य डॉ. अमिताभ पाडे के सरक्षण व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जगमोहन सिह पूषाम, डॉ. लक्ष्मीकान्त चंदेला, डॉ. शालिनी पाटिल व पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू के मार्गदर्शन एव एनएसएस टीम लीडर चचलेश डेहरिया के नेतृत्व मे कोरोना जागरूकता, मेरा मास्क- मेरी सुरक्षा व रोको टोको अभियान चलाया गया इन अभियानो के तहत रासेयो स्वयसेवक अपने अपने गाव, नगर, कस्बे मे मास्क नही लगाने वाले लोगो को मास्क अनिवार्य रूप से लगाने लिए समझाया एव कोविड-19 सक्रमण की रोकथाम के लिए कोरोना प्रोटोकाल का कडाई से पालन करने हेतु नागरिको को समझाईश दी। लोगो को मास्क पहनने व भीड़-भाड वाले स्थान मे 2 गज की दूरी का पालन करने के लिए व किसी भी प्रकार की सर्दी, खांसी, जुकाम, या बीमारी हो तो तुरत प्राथमिक उपचार केन्द्र के डॉक्टर से सलाह लेने की अपील की। जागरूकता अभियान मे पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, टीम लीडर चचलेश डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू, आनन्द वर्मा, रोहित डेहरिया, सुशील बालवंशी, प्रदीप डेहरिया, विकास बारसिया, केशव डेहरिया, सुष्मिता उइके, कनक साहू, नेहा डेहरिया आदि बडी सख्या मे स्वयसेवक सेविकाए बडी उत्सुकता के

हरिभूमि
जबलपुर - सतपुड़ा भूमि
9 Apr 2021

# वैक्सीन लगवाने के लिए घर-घर जाकर जागरूक कर रहे रासेयो स्वयंसेवक



**हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा।**

शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्रभारी प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीचंद के संरक्षण व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जगमोहन सिंह पुषाम, डॉ. लक्ष्मीकान्त चंदेला, डॉ. शालिनी पाटिल के मार्गदर्शन एवं एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया के नेतृत्व में कोरोना जागरूकता अभियान अन्तर्गत अपने अपने गांव में वैक्सीन के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए पी. जी. कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किये एवं कोविड वैक्सीन के बारें में 45 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को समझाते हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम अण्डोल के प्राथमिक शाला में बने एक दिन के वैक्सीनेशन सेंटर में रासेयो स्वयंसेवक चंचलेश द्वारा लोगों को घर से ले जाकर वैक्सीन लगवाने का कार्य भी किया गया एवं लोगों को वैक्सीन के बारें में समझाते हुए कहा कि हमारे पास वायरस को हराने के कुछ तरीकों में वैक्सीनेशन भी एक है।



# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

## शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा (म.प्र.)

---

दिनांक 09-04-2021

सूचना

समस्त एनएसएस छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 9-04-2021 दिन शुक्रवार व 10-04-2021 शनिवार सकोरा(जलपात्र) अभियान 2021 अन्तर्गत समस्त स्वयंसेवक सेविकाएं अपने अपने गांव, शहर, नगर कस्बे में गर्मी शुरू हो गई है प्यासे पशुओं व पक्षियों के लिए आप सभी को अपने अपने घर के छत पर पक्षियों के लिए दाना और पानी रखना है। सकोरे (जल पात्र)बनाने के लिए आप पुराने मटके कोई बड़ी बोतल या जो आप के लिए उपयोगी रहे उसका उपयोग करे। उक्त कार्यक्रम की फोटोज व आधा मिनट का वीडियो, अपना नाम, कक्षा आदि टीम लीडर चंचलेश डेहरिया व्हाट्सएप नम्बर 9109228641 में कल दिनांक 10-04-2021 शाम 5.00 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें।

नोट:-

1. जिन स्वयंसेवक सेविकाओं के पास एनएसएस बैच है वह जरूर लगाएं जिनके पास नहीं हैं वे वैसे ही फोटो वीडियो दे।
2. सभी मास्क अनिवार्यत: लगाए एवं 2 गज की दूरी व कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन करें।

चंचलेश डेहरिया
एनएसएस टीम लीडर
पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी
पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

# स्वयंसेवकों ने रखें पक्षियों के लिए जलपात्र



घरों पर पक्षियों के लिए रखे जलपात्र। • नवदुनिया

**छिंदवाड़ा (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्रभारी प्राचार्य डॉ लक्ष्मीचंद के संरक्षण व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूषाम, डॉ लक्ष्मीकान्त चंदेल, डॉ शालिनी पाटिल के मार्गदर्शन में इस भीषण गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों के लिए रासेयो स्वयंसेवकों ने अपने अपने निवास में पानी पीने के लिए जलपात्र रखें। बीते दो दिन से पीजी कॉलेज रासेयो इकाई द्वारा सकोरे जलपात्र अभियान चलाया जा रहा। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सेविकाएं श्रम सेवा सहयोग की भावना को चरितार्थ करते हुए पक्षियों के लिए अपने-अपने घरों के छत में खाने के लिए दाना व पात्र में पानी रख रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू, किम वर्मा, वर्षा यदुवंशी, आनन्द वर्मा, रोहित डेहरिया, विकास वारसिया, विशाल सलामे, सुशील बालवंशी, केशव डेहरिया, सुष्मिता उइके स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

छिंदवाड़ा
3 जबलपुर जनपक्ष

## संक्षिप्त समाचार

# रासेयो स्वयंसेवकों ने रखें पशु पक्षियों के लिए जलपात्र

### रासेयो स्वयंसेवकों ने चलाया सकोरे अभियान



छिन्दवाड़ा, 10 अप्रैल ( जनपक्ष )। शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्रभारी प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीचंद के संरक्षण व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जगमोहन सिंह पूषाम, डॉ. लक्ष्मीकान्त चंदेला, डॉ. शालिनी पाटिल के मार्गदर्शन में इस भीषण गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों के लिए रासेयो स्वयंसेवकों ने अपने अपने निवास में पानी पीने के लिए जलपात्र रखें बीते दो दिन से पी. जी. कॉलेज रासेयो इकाई द्वारा सकोरे ( जलपात्र) अभियान चलाया जा रहा जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सेविकाएं श्रम सेवा सहयोग की भावना को चरितार्थ करते हुए पक्षियों के लिए अपने अपने घरों के छत में खाने के लिए दाना व पात्र में पानी रख रहे है। कार्यक्रम में पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू, किम वर्मा, वर्षा यदुवंशी,आनन्द वर्मा, रोहित डेहरिया, विकास बारसिया, विशाल सलामें, सुशील बालवंशी, केशव डेहरिया, सुष्मिता उइके

# रासेयो स्वयंसेवक ने किया रक्तदान

**छिंदवाड़ा (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** जहां कोरोना महामारी का नाम सुनते ही लोग हॉस्पिटल जाने से डरते हैं वहीं दूसरी ओर रासेयो स्वयंसेवक इस विषम परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी में भी समाजसेवा एवं रक्तदान महादान करने से भी पीछे नहीं हटते। शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के रासेयो स्वयंसेवक गुरूप्रसाद उइके को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से खबर मिली कि हनोते फ्रेक्चर हॉस्पिटल में भर्ती अमरवाड़ा निवासी महिला रेशवती डेहरिया को तत्काल ब्लड की आवस्यकता है। खबर मिलते ही रासेयो स्वयंसेवक गुरुप्रसाद उइके ने तुरंत हॉस्पिटल पहुंचकर रक्तदान किया एवं जरूरतमंद महिला के जिंदगी वचाने में सहायता की। इस भीषण गर्मी और कोरोना काल में भी रक्तदान महादान के पुनीत कार्य करने पर पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे, डॉ लक्ष्मीचंद, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूशाम, डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला, पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, एनएसएस टीम लीडर चंचलेश, ललित साहू, अनित परतेती, सीमा उइके, धरमराज डेहरिया, वंदना परतेती, सोनिया मोहवे, परिजन शिवानी डेहरिया एवं मरीज के परिजनों ने प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।




रक्तदान करते स्वयंसेवक। ● नवदुनिया

# पोस्टर बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से जिले के युवाओं को कर रहे जागरूक

■ छिंदवाड़ा जबलपुर एक्सप्रेस।

1 मई से 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के वैक्सीनेशन की घोषणा से शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के रासेयो स्वयंसेवक उत्साहित है। विभिन्न प्रकार के जागरूकता पोस्टर तैयार कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सभी को वैक्सीन लगवाने युवाओं का प्रेरित करने का काम स्वयंसेवक कर रहे हैं। पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू ने बताया कि प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह धूराम, डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला एवं डॉ शालिनी पाटिल के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई द्वारा कोरोना जागरूकता अभियान एवं टीका महोत्सव मनाया जा रहा है।







दिनेश साहू का कहना है कि वह टीकाकरण के लिए उत्साहित हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत कोरोना वॉरियर्स रासेयो स्वयंसेवक गांवों में जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। ध्यान रहेमध्य प्रदेश सरकार के मैं भी कोरोना वालिंटियर अभियान में भी इकाई के स्वयंसेवकों ने पंजीयन कराया है एवं श्रम सेवा सहयोग की निःस्वार्थ भावना से प्रेरित होकर कार्य कर रहे हैं। अभियान को सफल बनाने में पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू, छात्रा कैंपस एंबेसडर सुष्मिता उइके सहित रासेयो इकाई के सभी कोरोना वॉरियर्स स्वयंसेवक सेविकाओं का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# पी .जी .कॉलेज रासेयो स्वयं सेवक ने अपने मोहल्ले को किया सेनेटाइज

## कोरोना जैसी महामारी के चलते ग्राम बाडीवाड़ा को किया सेनेटाइज



**नवभारत न्यूज**

छिंदवाड़ा, 24 अप्रैल. कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का प्रकोप पूरे देश में बढ़ता ही जा रहा है इससे हमारा प्रदेश व जिला भी अछूता नहीं है।

इस कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. अमिताभ पांडे के संरक्षण व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जगमोहन सिंह पूषाम, डॉ. लक्ष्मीकान्त चंदेला, डॉ. शालिनी पाटिल के मार्गदर्शन में पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू की प्रेरणा से रासेयो स्वयंसेवक ललित साहू ने अपने गांव व मोहल्ले को स्वयं के व्यय से सेनेटाइज किया व सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वह इस भयानक महामारी से बचने के लिए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करे व कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। लोगों को मास्क पहनने व भीड़-भाड़ वाले स्थान में 2 गज की दूरी का पालन करने के लिए व किसी भी प्रकार की सर्दी, खांसी, जुकाम, या अन्य बीमारी हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेने के लिए कहा। इस पुनीत कार्य की ग्रामीण मेहताप साहू, पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, श्वेता साहू, एकता साहू, निकिता साहू, आनन्द वर्मा, रोहित डेहरिया, सुशील बालवंशी, केशव डेहरिया, सुष्मिता उइके, कनक साहू, नेहा डेहरिया आदि बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सराहना की है।

हरिभूमि

जबलपुर - सतपुड़ा भूमि

7 May 2021

# पीजी कॉलेज रासेयो स्वयंसेवक चंचलेश ने ग्रामीणों को बांटे मास्क

हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा।



शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक अपना जन्मदिन अनूठे अंदाज में मनाते है इसी कड़ी में गुरुवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमिताभ पांडे के संरक्षण व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जगमोहन सिंह पूषाम, डॉ. लक्ष्मीकान्त चंदेला, डॉ. शालिनी पाटिल के मार्गदर्शन में पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू की प्रेरणा से रासेयो स्वयंसेवक चंचलेश डेहरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने ग्राम अंडोल में ग्रामीण जनो को मास्क वितरित किया व रोको टोको अभियान अन्तर्गत कोविड गाइडलाइन पालन करने हेतु ग्रामीणो को समझाइश दी एवं ग्रामीणों को कोविड वैक्सीनेशन की जानकारी देते हुए 5 मई से चालू हुए 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी ग्रामीणों को वैक्सीन लगवाने लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को मास्क पहनने व भीड़-भाड़ वाले स्थान में 2 गज की दूरी का पालन करने की अपील के साथ ही किसी भी प्रकार की सर्दी, खांसी, जुकाम, या अन्य बीमारी हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेने के लिए कहा। इस पुनीत कार्य की ग्रामीण अन्नीलाल डेहरिया, मदनलाल डेहरिया, मिश्रीलाल डेहरिया, पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, शिवसिंग डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू , आनन्द वर्मा, रोहित डेहरिया, सुशील बालवंशी, केशव डेहरिया, सुष्मिता उइके, नेहा डेहरिया, अंकित डेहरिया, सचिन डेहरिया,रामेश्वर डेहरिया शामिल है।

# एनएसएस अधिकारी के जन्मदिन पर स्वयंसेवकों ने किया वृक्षारोपण



छिंदवाड़ा। शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगमोहन सिंह पूषाम के जन्मदिवस को रासेयो स्वयंसेवकों ने वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर मनाया। स्वयंसेवकों ने अपने-अपने ग्रामों में अभियान चलाते हुए इस उद्देश्य के साथ वृक्षारोपण किया कि वर्तमान में कोरोना महामारी के कारण पूरा देश ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहा है। भविष्य में ऑक्सीजन की कमी ना हो अतः स्वयंसेवकों ने अपने-अपने गावों में सर्वाधिक ऑक्सीजन प्रदान करने वाले वृक्ष जैसे पीपल, नीम, आम आदि छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू ने बताया कि जिस प्रकार एक वृक्ष अपने फल दूसरों को देता है ठीक उसी प्रकार डॉ. पूषाम निस्वार्थ भावना से रासेयो छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। डॉ पूषाम के जन्मदिन पर चलाए गए वृक्षारोपण अभियान में पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू, वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवसिंह डेहरिया, सुष्मिता उइके, ललित ढाकरिया, आनंद वर्मा, विकास बारसिया, निरंजन सूर्यवंशी सहित सभी स्वयंसेवक सेविकाओं ने वृक्षारोपण करते हुए अपने कार्यक्रम अधिकारी के उत्तम स्वास्थ एवं दीर्घायु की कामना की।







**छिंदवाड़ा @ पत्रिका.** पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने शुक्रवार को विभिन्न जगहों पर पौधरोपण कर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगमोहन सिंह पुषाम का जन्मदिन मनाया। स्वयंसेवकों ने अपने-अपने ग्रामों में अभियान चलाते हुए इस उद्देश्य के साथ पौधरोपण किया कि भविष्य में ऑक्सीजन की कमी न हो। उन्होंने सर्वाधिक ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पीपल, नीम, आम आदि छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। अभियान में पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू, वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवसिंह सुष्मिता उइके, ललित ढाकरिया, आनंद वर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

# पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा मे विश्व तंबाकू एवं धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर हुआ जिला स्तरीय बेविनार




नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा , 31 मई. शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे के मार्गदर्शन व बेविनार संयोजक डॉ पी.एन सनेसर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नशा मुक्त भारत अभियान, रिसोर्स पर्सन डॉ राहुल श्रीवास्तव नोडल अधिकारी तंबाकू नियंत्रण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छिंदवाड़ा तथा श्री सुशील कुमार गुप्ता अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा की गरिमामय उपस्थिति में जिला स्तरीय विश्व तंबाकू एवं धूम्रपान निषेध दिवस पर बेविनार का आयोजन किया गया ।

स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे ने कहा कि नशे की लत जीवन को नष्ट कर देती है अत: हमारे महाविद्यालय की एन एस एस यूनिट के माध्यम से लगाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने चाहिए । एसीईओ श्री गुप्ता ने कहा कि शासन इस दिशा में जगरूकता के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही है कि युवा वर्ग और विशेष कर कॉलेज के विद्यार्थी नशे की लत से दूर रहे और यदि उनका कोई परिचित नशे का आदि हो गया है तो कॉउंसलिंग के माध्यम से उन्हें इस लत से दूर किया जा सकता है , नशा मुक्त भारत अभियान के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर और वेबिनार संयोजक डॉ पी एन सनेसर ने कहा कि विश्व तम्बाकू एवं धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित इस वेबिनार के माध्यम से जिले के सभी महाविद्यालयो में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच जागरूकता लाने के लिए ये प्रयास किया गया है । वेबिनार के रिसोर्स पर्सन डॉ राहुल श्रीवास्तव ने अपने प्रेजेंटेशन के माध्यम से तम्बाकू के दुष्प्रभाव व इसकी लत के विभिन्न कारणों पर प्रकाश डाला इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नो के उत्तर भी दिए , शिवसिंह डहेरिया कुमारी सुष्मिता उइके , ललित साहू , चंचलेश डहेरिया तथा दिनेश साहू ने भी इस अवसर पर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राध्यापक डॉ सीताराम शर्मा ने उदाहरण के माध्यम से नशे की लत से छुटकारा पाने के उपाय बताए। इस वेबिनार का संचालन एन एस एस टीम लीडर चंचलेश डहेरिया ने किया तथा शासकीय महाविद्यालय अमरवाड़ा से प्राचार्य डॉ मेश्राम , चौरई कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कहार सहित पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा से डॉ टीकमनी पटवारी , डॉ अर्चना मैथिव, डॉ जगमोहन पुषाम, श्री अनिल दुबे व विद्यार्थियों ने नशा मुक्त की शपथ ग्रहण की।


राष्ट्रीय हरित कोर
इको क्लब
राष्ट्रीय सेवा योजना
शासकीय स्वशासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
छिन्दवाड़ा
आपका हार्दिक स्वागत करता है।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने पौधे रोप दिया पर्यावरण बचाने का संदेश सुखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार

केएमबी दिनेश साहू

छिंदवाड़ा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर चारो तरफ पर्यावरण बचाने की गूंज सुनाई दी। हर तरफ पर्यावरण को बचाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को वृक्षारोपण करने एवं वृक्ष के जीवन मे महत्व के बारे में सरकार के साथ बिभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बताया गया। वृक्ष धरा की शान है बिना वृक्ष के इस धरा पर जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती है। इसलिये सभी लोगों से अपील है कि कम से कम एक वृक्ष का रोपण अवश्य करें ताकि जीव को प्राणवायु आक्सीजन के संकट का सामना न करना पडे। इसी क्रम में अंकुर कार्यक्रम के तहत शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्राचार्य डॉ. अमिताभ पांडे के निर्देशन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगमोहनसिंग पूषाम, डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला, डॉ शालिनी पाटिल व इको क्लब प्रभारी डॉ रीतू शर्मा के मार्गदर्शन में तथा सहायक एनएसएस टीम लीडर ललित साहू के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया व नवग्रह वाटिका बनाई। साथ ही सभी एनएसएस स्वयंसेवक और सेविकाओं ने अपने अपने गांव में पौधे लगाए और लोगो से भी अपील



किया कि वे सामाजिक चेतना के कर्तव्य में अपनी भूमिका का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें। तभी आने वाली पीढियों के लिए यह पर्यावरण अनुकूल रह सकता है। आस–पड़ोस में सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करें।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों तथा सभी स्वयंसेवकों ने एक–एक पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। एनएसएस के स्वयंसेवक टीकाकरण जागरूकता अभियान में भी लगातार सहयोग कर रहे। प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे ने सभी एनएसएस छात्र एवं छात्रा से वायुदूत ऐप के बारे में बताया और महाविद्यालय के छात्र एवं छात्रा को भी डाउनलोड करने का निर्देश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ निखिल कानूनगो, महेंद्र साहू, सहायक एनएसएस टीम लीडर ललित साहू, रासेयो स्वयंसेवक चंद्र कुमार वरकडे, विवेक सरयाम, दुर्गेश तुमडाम, प्रदीप डहरिया, चंद्रपाल डेहरिया, सुष्मिता उईके, शिवानी बिंझाडे, रेशमी उईके, तथा पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू, एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, बिट्टू राम मालवीय, आनंद वर्मा, शैलेश ठाकरे, आरती, वर्षा यदुवंशी, विशाल, अमन साहू आदि सहित बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक सेविकाओं ने अपने अपने गांव में वृक्षारोपण किया एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एन.एस.एस. के कैडिट्स ने किया योग

छिन्दवाड़ा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज कोरोना प्रोटोकाल एवं कोविड–19 से बचाव के सभी नियमों का पालन करते हुये शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के एन.एस.एस. के कैडिट्स श्री आनंद वर्मा और अन्य कैडिट्सों ने अपने मित्र जनों व बच्चों के साथ घरों में रहकर योगाभ्यास किया।

# पीजी कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**अक्षर सम्राट, छिंदवाड़ा।**

शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने नियमित गतिविधि अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करते हुए साफ सफाई की।



स्वयंसेवको ने 'सब रोगों की एक दवाई, अपने आसपास रखो साफ सफाई' के नारे लगाते हुए श्रम सेवा सहयोग की निःस्वार्थ भावना से श्रमदान किया एवं लगे हुए पेड़ को सुरक्षित रखने क्यारी बनाई व कॉलेज के सभी छात्रों से पेड़-पौधे लगाने कहा। श्रमदान कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवसिंग डेहरिया, दुर्गेश तुमड़ाम, एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, ललित साहू, केशव डेहरिया, आनंद वर्मा, चंद्रपाल डेहरिया, सुष्मिता उईके, रेशमी उइके, रुपवती उइके, शिवानी बिन्झाडे, विकास टेखरे, शिवम प्रजापति, प्रतिमा गाड़रे, आनिशा परतेती, सिदरा कौसर, यशवनी लाजवंशी, जेबा, ऐश्वर्या आदि बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कालेज के हर्बल गार्डन में रासेयो ने किया श्रमदान

■ छिंदवाड़ा जबलपुर एक्सप्रेस।

शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने सोमवार को कालेज परिसर स्थित हर्बल गार्डन में श्रमदान किया। प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूषाम, डॉ. लक्ष्मीकांत चंदेला व डॉ शालिनी पाटिल के मार्गदर्शन टीम लीडर चंचलेश डेहरिया के नेतृत्व में नियमित गतिविधियों के अंतर्गत साफ सफाई की गई।

स्वयंसेवकों ने बगीचे में उगी गाजर घास की सफाई की। रासेयो स्वयंसेवकों श्रम सेवा सहयोग की निःस्वार्थ भावना से श्रमदान किया औरलगे हुए पेड़ों को सुरक्षित रखने



क्यारी बनाई। पेड़ों को पानी से सींचा भी गया। इस दौरान एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, ललित साहू, रामप्यारी उइके, साक्षी सूर्यवंशी, क्रिम वर्मा, विशाल सल्लामें, प्रदीप डेहरिया, सुष्मिता उइके, रेशमी उइके, रुपवती उइके, शिवानी बिन्झाडे, आरती मुरांपे, सूरज धुर्वे आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# वैक्सीनेशन शिविर में एनएसएस स्वयं सेवक ने दी अपनी सेवाएं

छिन्दवाड़ा।(आरएनएन) पीजी कालेज छिंदवाड़ा प्राचार्य डॉ. अमिताभ पांडे के मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जगमोहनसिंह पूषाम एवं डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला, डॉ. शालिनी पाटिल के निर्देशन में पीजी कॉलेज एनएसएस सहायक टीम लीडर ललित साहू ने ग्राम पंचायत बाड़ीवाड़ा में हुआ वेक्सिशन के कार्य आपनी सहभागिता दी। लोगो से मास्क और समाजिक दूरी बनाए रखने का आग्रह किया। इस कार्य के लिए एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डहेरिया एवं समस्त रासेयो इकाई ने सराहना की बाड़ीवाडा में हुआ वैक्सीनेशन सम्पन्न ग्राम पंचायत बाड़ीवाड़ा में सोमवार सुबह 7 बजे से वैक्सिनेशन प्रारंभ हुआ। जिसमें कुल प्राप्त डोज में से 275 वैक्सिनेशन अत्यंत शांतिपूर्ण हुआ। वैक्सिनेशन सेन्टर में एएनएम नीलू स्वर्णकार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण मिश्रा, आशा सहयोगी छाया वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर किरण सतनामी, पुलिस आरक्षक बघेल, वीरेंद्र साहू, ललित साहू, हुकम कनोजिया, हरिओम साहू, श्रीपाल धुर्वे, राजा कहार एवं समस्त ग्रामीण जानो का विशेष सहयोग रहा।



# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

## शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## छिंदवाड़ा (म. प्र.)

दिनांक 31/08/2021

## सूचना

समस्त एनएसएस छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31-08-2021 दिन मंगलवार समय सुबह 11.30 बजे मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा द्वारा एंटी डेंगू ड्राइव अभियान अंतर्गत कक्ष क्रमांक-7 में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। छिंदवाड़ा में डेंगू संक्रमण को रोकने हेतु संभावित शहरी क्षेत्रों पर घर-घर जाकर लार्वा नष्टीकरण, डेंगू के बचाव के उपाय, मच्छर के प्रजनन स्थल एवं उन्हें नष्ट करने के उपाय तथा जनसमुदाय में प्रचार-प्रसार करने हेतु रासेयो स्वयंसेवकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। अतः समस्त स्वयंसेवक सेविकाएं समय सुबह 11.30 बजे कक्ष क्रमांक-7 में अपनी उपस्थिति अनिवार्यता देना सुनिश्चित करे, एवं उपरोक्त प्रशिक्षण में शामिल होवें।

नोटः-

1. कोविड़-19 प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन करें।
2. सभी मास्क अवश्य लगाकर आवे।
3. सभी का आना अनिवार्य है।

चंचलेश डेहरिया<br>टीम लीडर रासेयो<br>पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

कार्यक्रम अधिकारी<br>राष्ट्रीय सेवा योजना<br>पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा






# रासेयो स्वयं सेवक घर-घर जा कर रहे डेंगू का लार्वा नष्ट

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 1 सितंबर. शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र छात्राओं ने जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.देवेंद्र भालेकर व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.अमिताभ पांडे के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जगमोहन सिंह पूषाम, डॉ.लक्ष्मीकांत चंदेला व डॉ.शालिनी पाटिल के मार्गदर्शन सहायक टीम लीडर ललित साहू, स्वस्थ्य विभाग कर्मचारी जितेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में एनएसएस छात्र छात्राओं ने एंटी डेंगू अभियान चलाया, जिसमें स्वयंसेवकों कों ट्रेनिंग दी गई.

डेंगू का संक्रमण को रोकना, लार्वा को नष्ट करना, मच्छर के प्रजत्र स्तर को कम करना, जिस के बाद छात्र छात्राओं को वार्ड लालबाग व सुकुलुढ़ाना में घर घर जा कर पानी की टंकी, कूलर, गमला, की जांच किया एवं डेंगू के लार्वा मिलने पर लार्वा नष्ट करने की दवाई डाली गई।

## पीजी कॉलेज रासेयो स्वयंसेवक एवं जिला स्वास्थ्य विभाग मिलकर चला रहे एंटी डेंगू अभियान

इस अभियान को सफल बनाने में एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू, विशाल सलामें, आनंद वर्मा, बिहूराम मालवी, असद अंसारी, चंद्रपाल डेहरिया, पंकज, विवेक सरेयाम, सूरज धुर्वे, सतीश धुर्वे, सुष्मिता उइके, टीना रघुवंशी, संगीता इनवाती, दीपिका, प्रतिमा गाड़रे, रेशमी उइके, वर्षा यदुवंशी, किम वर्मा, साक्षी

# पीजी कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवको ने किया श्रमदान



**छिंदवाड़ा।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूषाम ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में एनएसएस की तीन इकाईयां संचालित है। प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे के आदेशानुसार पुरुष इकाई क्र 2 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो महेंद्र साहू को एवं महिला इकाई हेतु रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो निधि डोडानी को नियुक्त किया गया है। डॉ पूषाम ने बताया कि दोनो नवागत कार्यक्रम अधिकारियों ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही एनएसएस की गतिविधियों को संचालित करना आरंभ कर दिया एवं प्रथम दिवस ही महाविद्यालय के बॉटेनिकल गार्डन में रासेयो स्वयंसेवकों से श्रमदान कार्य करवाया। नवागत कार्यक्रम अधिकारी प्रो महेंद्र साहू ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य शिक्षा के साथ समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास है और इस वृहद अर्थ लिए उद्देश्य को पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी एवं रासेयो स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु शासन के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जायेगी। नवागत महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रो निधि डोडानी ने कहा की वर्तमान में छात्राएं भी छात्रों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चल रही है, छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उन्हे एक सशक्त स्वयंसेविका बना[illegible] उ[illegible] सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हेतु प्रयास करना ही लक्ष्य होगा। [illegible] संख्या में एनएसएस छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आपदाओं में पीड़ितों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते है एनएसएस के कार्यकर्ता: वायके शर्मा


## जिले भर के कॉलेजो में मनाया गया एनएसएस का 52वां स्थापना दिवस, सांस्कृतिक सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित



### स्वयंसेवकों ने आदिवासी वेशभूषा में दिखाई संस्कृति



### स्थापना दिवस पर ली स्वच्छता की शपथ



### 124 विद्यार्थियों का हुआ चयन



### रैली की आयोजन



### रेलवे अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर



### ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी



# धूमधाम से मना एनएसएस का 52वा स्थापना दिवस

छिंदवाड़ा (आरएनएन)। शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे की अध्यक्षता, अर्चना सुदेश मैथ्यू के मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला के विशिष्ट आतिथ्य में तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिह पुषाम, प्रो महेंद्र साहू महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि डोडानी एवं डॉ शालनी पाटिल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना का 52 वा स्थापना दिवस आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। प्राचार्य डॉ अभिताभ पांडे ने कहा कि जिस कालेज में एनएसएस ना हो वह कालेज जैसा नही लगता। डॉ अर्चना मैथ्यू ने कहा कि युवा स्वयं प्रकाशित होकर दुसरो को प्रकाशमान करने वाले बने। डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला ने एनएसएस को फर्स से अर्स तक ले जाने वाला बताया। डॉ शालनी पाटिल ने कहा कि एनएसएस व्यकितत्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। प्रो महेंद्र साहू ने अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से युवाओं का आव्हान करते हुए कहा ÷हे समाज की युवा शक्ति हा मैं ललकार रहा तुझको÷। डॉ जगमोहन सिंह ने एनएसएस की वर्ष भर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं प्रो निधि डोडानी आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सयोजन एवं मंच संचालन वरिष्ठ स्वयं सेवक दिनेश साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतिया दी गई हैं। जिसमें आदिवासी नृत्य, छत्तीसगढी नृत्य, देश भक्ति नृत्य, झूमर नृत्य एवं छिंदवाडा जिला के पातालकोट आदिवासी वेशभूषा में रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा संस्कृति दिखाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ एमएल पखाले छात्र नेता इंद्रजीत सिंह पटेल, टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, सहायक टीम लीडर ललित साहू, वरिष्ठ स्वयं शिवसिंग डेहरिया, सुष्मिता उइके, दिलीप भन्नारे, केशव डेहरिया, बिट्ठराम मालवी, आनन्द वर्मा, चन्द्रपाल डेहरिया, संजय उइके, रेशमी, रूपवती, अनिशा, शिवानी, रीना, आरती, विवेक, नमन डेहरिया आदी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

## शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## छिंदवाड़ा (म. प्र.)

दिनांक 30/09/2021

## सूचना

समस्त एनएसएस छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है इसी तारतम्य में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 1 अक्टूबर 2021 को गोधूलि वृद्ध आश्रम छिंदवाड़ा में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का गरिमामयी कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से आयोजित किया गया है इसका मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को समाज में सम्मान प्रदान करना है तथा उनके अधिकारों पर सामाजिक समर्थन तैयार करना है तदनुसार इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने है । सभी स्वयंसेवक सेविकाएं दिनांक 1 अक्टूबर 2021 को समय 11:30 बजे बजे एनएसएस ऑफिस कक्ष क्रमांक-9 में अपनी उपस्थिति अनिवार्यता देना सुनिश्चित करें।

नोट:-

1. कोविड़-19 प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन करें।
2. सभी मास्क अवश्य लगाकर आवे।
3. सभी का आना अनिवार्य है। कॉलेज ड्रेस में आवे।

चंचलेश डेहरिया
टीम लीडर रासेयो
पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

# गोधुलि वृद्धा आश्रम में बांटी खुशियां

शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रासेयो टीम ने वृद्धजन दिवस पर गोधुलि वृद्धाआश्रम मे खुशियां बांटी। इस मौके पर पीजी कालेज प्राचाय डॉ अमिताभ पांडे, रासेयो कार्य म अधिकारी डॉ. जगमोहन सिंह पूषाम, प्रोफेसर महेंद्र साहू, महिला कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. निधि डोडानी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था वरिष्ठ नागरिकों को समाज में सम्मान करना तथा उनके अधिकारों पर सामाजिक समर्थन तैयार करना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर BhaskarHindi.com
Sat, 02 October 2021
https://epaper.bhaskarhindi

# पीजी कॉलेज में रासेयो का स्वच्छता अभियान



शासकीय कॉलेज परिसर में साफ-सफाई करते छात्र। ● नवदुनिया

शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सफलतम 52 वर्ष पूर्ण होने, आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152 वी जन्म जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूषाम, प्रो महेंद्र साहू व महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि डोडानी के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 152 जयंती मनाई गई। रासेयो स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ सफाई की और पॉलिथीन मुक्त परिसर बनाने हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर चंचलेश डेहरिया, दिनेश साहू, आशीष डेहरिया, सोहित डेहरिया, रेशमी उइके, राजकुमारी उइके, सूरज धुर्वे, संजय उईके, शिवानी विन्झाड़े, सहित बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज रासेयो इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सूत्र अपडेट, छिंदवाड़ा**

पीजी कालेज छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रासेयो के सफलतम 52 वर्ष पूर्ण होने, आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 152 वी जन्म जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पुषाम, प्रो महेंद्र साहू व महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि डेहरिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 152 जयंती मनाई गई। रासेयो स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ सफाई की और पॉलिथीन मुक्त परिसर बनाने हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी दो बार छिंदवाड़ा आए थे, उनकी पहली सभा 06 जनवरी 1921 को वर्तमान गांधी गंज में हुई थी जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे, 1920 के नागपुर अधिवेशन में असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव रखने के बाद उनकी पहली सभा छिंदवाड़ा में हुई थी, यही से उन्होंने असहयोग आंदोलन की शुरुआत की थी। गांधी जी की दूसरी सभा 29 नवंबर 1933 को छिंदवाड़ा के बुधवारी स्थित छितिया बाई के बाड़े में हुई थी, छात्रों को यह भी जानकारी दी गई कि गांधी गंज का नाम पहले चिटनविस गंज हुआ करता था जिसे आजादी के बाद बदल कर गांधी गंज रखा गया। इस अवसर पर रासेयो छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्थित गांधी जी की प्रतिमा का स्नान कराकर माल्यार्पण किया गया। एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया ने गांधी जी के सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने हेतु एनएसएस छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। श्री साहू ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को अपने आसपास सफाई रखने व पॉलीथिन मुक्त परिसर बनाने हेतु संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक आशीष डेहरिया, सोहित डेहरिया, रेशमी उइके, राजकुमारी उइके, सूरज धुर्वे, संजय उईके, शिवानी बिन्झाड़े, अंकेश बन्दे, दादूराम मरकाम, किरण धुर्वे, नीलेश इनवाती, रोहित मंसुरे सहित बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
## शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## छिंदवाड़ा (म. प्र.)

दिनांक 11/10/2021

## <u>सूचना</u>

समस्त एनएसएस छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली व रासेयो कार्यक्रम समन्वयक जबलपुर से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत दिनांक 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा मुख्य रूप से सिंगल यूज़ प्लास्टिक कचरे का संग्रहण, ग्राम सौंदर्यीकरण अभियान और स्वच्छता के प्रति जागरूकता और पारंपरिक जल स्रोतों का स्वच्छता संबंधी गतिविधियां किया जाना है। अतः सभी स्वयंसेवक सेविकाओं से निवेदन है कि आज दिनांक 11.10.2021 दिन सोमवार समय 11.00 बजे एनएसएस ऑफिस कक्ष क्रमांक-9 में उपस्थित होवे।

नोट:-

1. आज कार्यक्रम में सभी उपस्थित होवे। उपस्थित नहीं होने पर निष्क्रियता के आधार आपको एनएसएस से निकाल कर आपकी सीट पर नव प्रवेशित छात्रों को मौका दिया जाऐगा।
2. कोविड़-19 प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन करें।
3. सभी मास्क अवश्य लगाकर आवे।
4. कॉलेज ड्रेस में आवे।

चंचलेश डेहरिया
टीम लीडर रासेयो
पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

# जनसम्पर्क विभाग, मध्यप्रदेश
## जिला जनसंपर्क कार्यालय, छिन्दवाड़ा


### स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत गोद ग्राम खापाभाट में चलाया गया स्वच्छता अभियान

छिन्दवाड़ा : 11 अक्टूबर 2021



भारत सरकार के युवा कार्य खेल मंत्रालय व राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत गोद ग्राम खापाभाट में स्थित शासकीय शाला परिसर व आंगनवाड़ी परिसर को पॉलिथीन मुक्त परिसर बनाने के लिये जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों व बच्चों को सिंगल यूज पॉलिथीन के दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी देते हुये राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने परिसर में साफ-सफाई कर पॉलीथिन, प्लास्टिक कचरा इत्यादि एकत्रित किया और आम जनमानस में जागरूकता फैलाते हुये सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की समझाईश दी। शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ पांडे के मार्गनिर्देशन में संपन्न इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉ.जगमोहन सिंह पूषाम व प्रो.महेंद्र साहू और महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.निधि डोडानी की उपस्थिति में एनएसएस दलनायक सर्वश्री चंचलेश डेहरिया, ललित साहू, केशव डेहरिया, सुष्मिता उइके, रूपवती उइके, शिवानी बिन्झाड़े, राजकुमारी कुमरे, आनंद वर्मा, टीना रघुवंशी, वर्षा यदुवंशी, कामनी इरपाची, दीपिका बंदेवार, आशिया अंसारी आदि ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम में सहभागिता की। एनएसएस के इस कार्य पर शासकीय माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं संगीता ब्रम्हे, भावना चौरसिया, निधि रघुवंशी, एस.ब्रम्हे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम अहिरवार आदि ने सभी स्वयंसेवकों की सराहना की।

# पीजी कॉलेज रासेयो ने चलाया सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान



**यूथ अपडेट, छिंदवाड़ा**

भारत सरकार युवा कार्य खेल मंत्रालय व मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक आरडीवीवी जबलपुर आदेशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमिताभ पांडे कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉक्टर जगमोहन सिंह पूषाम, प्रोफ़ेसर महेंद्र साहू व महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन व एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया के नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत महाविद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त परिसर बनाने हेतु विभिन्न कक्षाओं में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताया एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर पॉलीथिन तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक कचरे इत्यादि एकत्रित किया। रासेयो स्वयंसेवकों ने कॉलेज में अध्ययनरत युवाओं को जागरूकता के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। जन जागरूकता कार्यक्रम में एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, ललित साहू, सोहित डेहरिया, सुष्मिता उइके, रूपवती उइके, शिवानी बिन्झाड़े, दीपिका बंदेवार, सूरज धुर्वे, विवेक सरेयाम, साक्षी सूर्यवंशी आदि बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। विदित होवे की पीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 अक्टूबर से ही विभिन्न जागरूकता अभियान व लिए गए गोद ग्राम में भी वृहद स्तर पर सिंगल यूज पॉलिथीन मुक्त गोद ग्राम अभियान चलाया गया।

# पीजी कॉलेज रासेयो ने चलाया सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान





## पी.जी. कॉलेज रासेयो इकाई ने कक्षाओं में जाकर समझाया सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम

**राकेश पाल छिन्दवाड़ा। नर्मदा की पुकार**

भारत सरकार युवा कार्य खेल मंत्रालय व मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक आरडीवीवी जबलपुर आदेशानुसार शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमिताभ पांडे कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉक्टर जगमोहन सिंह पूषाम, प्रोफ़ेसर महेंद्र साहू व महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन व एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया के नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत महाविद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त परिसर बनाने हेतु विभिन्न कक्षाओं में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताया एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर पॉलीथिन तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक कचरे इत्यादि एकत्रित किया। रासेयो स्वयंसेवकों ने कॉलेज में अध्ययनरत युवाओं को जागरूकता के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की।

जन जागरूकता कार्यक्रम में एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, ललित साहू, सोहित डेहरिया, सुष्मिता उइके, रूपवती उइके, शिवानी बिन्झाड़े, दीपिका बंदेवार, सूरज धुर्वे, विवेक सरेयाम, साक्षी सूर्यवंशी आदि बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। विदित होवे की पीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 अक्टूबर से ही विभिन्न जागरूकता अभियान व लिए गए गोद ग्राम में भी वृहद स्तर पर सिंगल यूज पॉलिथीन मुक्त गोद ग्राम अभियान चलाया गया।



